दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 18 अगस्त-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 239 पेज-15 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## सीपी राधाकृष्णन होंगे एनडीए के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

### फिलहाल महाराष्ट्र के हैं राज्यपाल



**नई दिल्ली।** एनडीए ने अपने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया है। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसका ऐलान करते हुए कहा कि सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। अभी सीपी राधाकृष्णन महाराष्ट्र के गवर्नर हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि बीजेपी के संसदीय बोर्ड की बैठक उपराष्टपति पद के उम्मीदवार का नाम फाइनल करने के लिए बुलाई गई थी।

तमिलनाडु के तिरुप्पुर में 20 अक्टूबर 1957 को जन्मे चन्द्रपुरम पोनुस्वामी राधाकृष्णन भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे हैं और वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। राधाकृष्णन ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत आरएसएस और जनसंघ से की। वे 1998 और 1999 में कोयम्बटूर से लोकसभा सांसद चुने गए। 2003 से 2006 तक तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष रहे।

सीपी राधाकृष्णन फरवरी 2023 से जुलाई 2024 तक झारखंड के राज्यपाल रहे। इसके अलावा मार्च से जुलाई 2024 तक तेलंगाना का अतिरिक्त प्रभार और मार्च से अगस्त 2024 तक पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार भी संभाला। 31 जुलाई 2024 से वे महाराष्ट्र के राज्यपाल पद पर आसीन हैं।

# श्री धार्मिक रामलीला समिति कवि नगर का विधि-विधान से हुआ पूजन

## 18 सितंबर से होगी कवि नगर में रामलीला की शुरुआत, सांसद अतुल गर्ग ने फावड़ा चला कर किया श्री गणेश









### - ललित जायसवाल ने कहा, इस बार रामलीला अधिक रोचक, भव्य और आकर्षक होगी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद ही नहीं बल्कि दिल्ली-एनसीआर में अपनी खास पहचान बना चुकी श्री धार्मिक रामलीला समिति कवि नगर रामलीला का रविवार को भूमि पूजन हो गया। जिसके साथ रामलीला महोत्सव-2025 की शुरूआत हो गई है। इस बार की रामलीला अधिक रोचक, भव्य और आकर्षक होगी। 18 सितंबर से रामलीला शुरू होगी और 19 सितंबर को माता की विशाल चौकी का आयोजन किया जाएगा। रविवार को सांसद अतुल गर्ग और ललित जायसवाल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने फावड़ा चला कर विधि विधान से रामलीला की भूमि पूजन की शुरूआत की। इस दौरान शहर की गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और वरिष्ठ नागरिक भूमि पूजन कार्यक्रम के बाद आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित हुये।

### इस बार 18 सितंबर से शुरू होगी कवि नगर रामलीला

करंट क्राइम : कवि नगर रामलीला के लिए रविवार को भूमि पूजन हो गया है। भूमि पूजन के बाद वैदिक मंत्रोचारण विधि विधान से भगवान श्रीराम को याद करते हुए जयकारे लगाए गए। तो जानकारी दी गई है कि कवि नगर की श्री धार्मिक रामलीला समिति की रामलीला इस बार 18 सितंबर से शुरू होगी।

### सांसद अतुल गर्ग ने किया फावड़ा चलाकर भूमि पूजन का श्री गणेश



करंट क्राइम : श्री धार्मिक रामलीला समिति कवि नगर का भूमि पूजन के शुभ अवसर पर सांसद अतुल गर्ग ने फावड़ा चलकर श्री गणेश किया। इसके साथ ही रामलीला महोत्सव 2025 की तैयारी भी शुरू की गई है। समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल एवं महामंत्री भूपेंद्र चौपड़ा ने बताया है कि इस बार की रामलीला पहले की अपेक्षा भव्य ,आकर्षक और हाईटेक रहेंगी। रामलीला 18 सितंबर से शुरू होगी, पहले दिन भव्य विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बैंडबाजे, ढोल नगाड़े, शहनाई के साथ-साथ पारंपरिक सामाजिक और देशभक्ति की झांकियां भी शामिल की जाएगी।

### 19 सितंबर को होगी माता की विशाल चौकी

करंट क्राइम : हर साल की तरह श्री धार्मिक रामलीला समिति कवि नगर में इस बार भी विशाल माता की चौकी का आयोजन किया जाएगा। 29 सितंबर को आयोजित होने वाली इस विशाल चौकी में देश के प्रमुख कलाकार बुलाए जाएंगे, जो विशाल माता की चौकी का आयोजन करेंगे। बता दें कि कवि नगर रामलीला में पहले भी इंटरनेशनल सिंगर और बॉलीवुड के कलाकार माता की चौकी और जागरण में शामिल हो चुके हैं और इसकी भव्यता को बढ़ा चुके हैं।

### महंत नारायण गिरी से लेकर मंत्री नरेंद्र कश्यप, सत्येंद्र सिसोदिया, विधायक और पीएन अरोड़ा रहे शामिल



करंट क्राइम : रविवार को कवि नगर रामलीला समिति के भूमि पूजन कार्यक्रम में दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी, आध्यात्मिक गुरु पवन सिंहा, गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, शहर विधायक संजीव शर्मा, पश्चिम उत्तर प्रदेश भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, यशोदा अस्पताल के प्रबंधक निदेशक पीएन अरोड़ा, भाजपा के महा नगर अध्यक्ष मयंक गोयल, एमएलसी दिनेश गोयल, संपादक दैनिक करंट क्राइम मनोज गुप्ता, दीपक भाटी, पूर्व महापौर अशु वर्मा, आशा शर्मा, समाजसेवी एवं मिशन ग्रुप के प्रमुख सुनील मिगलानी, पूर्व दर्जा प्राप्म मंत्री बलदेव राज शर्मा, पूर्व विधायक रूप चौधरी, पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी, भाजपा नेता अशोक मोगा, सरदार एसपी सिंह, बृजपाल तेवतिया, इंद्रजीत सिंह टीटू, राहुल चौधरी ,गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव बृजेश कुमार ,अपर जिलाधिकारी नगर विकास कश्यप, उप जिला अधिकारी अरुण कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त कवि नगर भास्कर वर्मा, घंटाघर कोतवाली एसीपी रितेश त्रिपाठी, बीके अग्रवाल, देवेंद्र हितकारी, नवेंदु सक्सेना, अजय जैन, दिवाकर सिंघल, दिव्यांशु सिंघल और विपुल शर्मा सहित बड़ी संख्या में राम भक्त उपस्थित हुए।

### ललित जायसवाल और भूपेंद्र चोपड़ा ने किया अतिथियों का स्वागत

करंट क्राइम : कवि नगर रामलीला धार्मिक समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल और महामंत्री भूपेंद्र चौपड़ा और उनके पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। भूमि पूजन के बाद भोजन प्रसाद की व्यवस्था थी, जिसमें धार्मिक रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों को स्वादिष्ट प्रसाद परोसने का काम किया और पूरी व्यवस्था को संभाला भी। इस दौरान लजीज भारतीय पकवान भी परोसे गए।

## कविनगर रामलीला में मेजबानी की मिसाल बने हैं ललित जायसवाल एक लंबी लाइन खींची है और यादगार रहेगा उनका कार्यकाल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कविनगर रामलीला का भूमि पूजन रविवार को हुआ। इसी के साथ कविनगर रामलीला महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई। भूमि पूजन के साथ ही इस बात का भी एक परिचय हुआ कि ललित जायसवाल के बाद जो भी कविनगर रामलीला का अध्यक्ष वाला पदभार संभालेगा उसके लिये इन परंपराओं का पालन करना एक बड़ी जिम्मेदारी होगी।

कविनगर रामलीला के अध्यक्ष के रूप में ललित जायसवाल ने जहां रामलीला का एक भव्य स्वरूप दिया है वहीं इसमें कोई दो राय नहीं कि उन्होंने आतिथ्य स्वागत का एक चलन, एक नई परंपरा शुरू की है और ये मेहमाननवाजी ऐसी है कि सबका दिल जीत लेती है। भूमि पूजन का आयोजन एक बेहतरीन आयोजन कहा जाएगा।

ललित जायसवाल और उनकी पूरी टीम ने भूमि पूजन की जिम्मेदारी संभाली और यहां पर सबसे खास बात ये थी कि जिस तरह से निमंत्रण और आने वालों का स्वागत हुआ वह बेमिसाल था। अध्यक्ष के रूप में ललित जायसवाल और उनकी टीम सभी को मेहमान-ए- खास होने का एहसास कराती है। अध्यक्ष के रूप में ललित जायसवाल बीते दिनों कार्यकारिणी की बैठक में इस्तीफे वाली पेशकश रख चुके हैं। वो अपने मन की इच्छा को जाहिर कर चुके हैं और अब कारण कुछ भी हो लेकिन कहने वाले यही कहते हैं कि अगर ललित जायसवाल अपनी बात पर अडिग रहने का फैसला किया तो उनका कार्यकाल वास्तव में बेमिसाल माना जाएगा।

अध्यक्ष के रूप में उन्होंने मैदान से लेकर मेला और व्यवस्थाओं की बात करें तो भव्यता से लेकर आधुनिकता का एक अद्भुत संगम तैयार किया है। एक कप्तान के रूप में पूरी टीम को साथ लेकर चले हैं। रामलीला के भीतर ही और शहर के भीतर से ये आवाज आनी शुरू हो गई है कि अगर, ललित जायसवाल का इस्तीफा स्वीकार होता है तो फिर जो भी अध्यक्षआएगा उसके लिये मैनेजमेंट की एक लंबी लाइन तैयार हो गई है। भूमि पूजन से लेकर रामलीला महोत्सव के संपन्न होने तक एक व्यवस्था का पुल बनाकर तैयार करना है। शांत भाव से काम करना है और बड़ी जिम्मेदारी के साथ काम करना है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि ललित जायसवाल ने रामलीला को अपना सौ प्रतिशत दिया है। उनके नेतृत्व में रामलीला के मेले से लेकर रामलीला के मंचन तक एक मिसाल है जिसमें तकनीक है, जिसमें ग्लैमर है, जिसमें परंपरा है और जिसमें भव्यता के साथ भक्तिभाव का भी समावेश है।




### तो क्या भूपेंद्र चोपड़ा होंगे कविनगर रामलीला के नए अध्यक्ष

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। हालांकि अभी केवल पेशकश है और अभी फैसला बदल भी सकता है। समिति अगर अनुरोध करेगी तो मौजूदा अध्यक्ष अपने फैसले को टाल भी सकते हैं, लेकिन जानकार ये बताते हैं कि अध्यक्ष के रूप में ललित जायसवाल अब ज्यादा देर तक पद पर रहने के मूड में नहीं हैं। वो कविनगर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष के अलावा हिंदी भवन समिति के अध्यक्ष हैं, वो सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन हैं औरकई अन्य धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। इन पदों पर रहते हुए वो विभिन्न प्रशासनिक और सरकार के सहयोगी कार्यक्रमों की बागडोर संभालते हैं। वो शहर में सांस्कृति कार्यक्रमों को भी बखूबी देखते हैं। गाजियाबाद में दोबारा से थियेटर संस्कृति के वो जन्मदाता कहे जा सकते हैं। उनके जानकार कहते हैं कि उन्हें साहित्य, नाटक, संगीत और काव्य की गहन जानकारी है। सीधी सी बात है कि उनके पास कविनगर रामलीला के अलावा और भी बहुत सी जिम्मेदारी है। ऐसे में अब ये सवाल उठने लगा है कि अगर ललित जायसवाल अध्यक्ष पद से इस्तीफा देते हैं तो उनके बाद कौन अध्यक्ष हो सकता है। रामलीलासूत्र बताते हैं कि यहां अनुभव, सक्रियता और व्यवस्था के लिहाज से देखे तो भूपेंद्र चोपड़ा कविनगर रामलीला के नए अध्यक्ष हो सकते हैं। भूपेंद्र चोपड़ा पिछले 18 साल से कविनगर रामलीला कमेटी के महामंत्री हैं। महामंत्री के रूप में उन्होंने कविनगर की रामलीला का एक पूरा युग देखा है और सबसे बड़ी बात ये है कि अगर कोई व्यक्ति 18 साल से एक पद पर बिनाविवाद के काम कर रहा है तो ये जाहिर है कि उस व्यक्ति के काम करने का तरीका सबको साथ लेकर चलने का है। ये खूबी कविनगर रामलीला कमेटी के महामंत्री भूपेंद्र चोपड़ा मे है। सबको साथ लेकर चलना, नए-नए प्रयोग के साथ पारदर्शी तरीके से काम करना। ये ऐसी विशेषताएं हैं जो भूपेंद्र चोपड़ा को अध्यक्ष पद के लिये ग्रीन सिग्नल देती है। ऐसे में इस बात की प्रबल संभावना है कि भूपेंद्र चोपड़ा कविनगर रामलीला कमेटी के अगले अध्यक्ष हो सकते हैं। उनके बारे में ये कहा जाता है कि वो काफी व्यवहारिक हैं और सभी से तालमेल बिठाकर चलते हैं। लिहाजा वो अध्यक्ष हो सकते हैं और यहां पर यह देखना रोचक होगा कि क्या भूपेंद्र चोपड़ा के नाम पर सर्वसम्मति वाली मुहर लगती है या फिर यहां चुनाव होगा। जो भी होगा लेकिन अगले अध्यक्ष का नाम आने की बात आती है तो यहां पर भूपेंद्र चोपड़ा का नाम मजबूती से चल रहा है।

### कविनगर के मैदान पर भी चलाया सांसद अतुल गर्ग ने ही फावड़ा

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इसे एक बड़ा दिल भी कहा जाएगा और परंपराओं का अनुपालन भी कहा जाएगा। रविवार को कविनगर की रामलीला के भूमि पूजन में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने फावड़ा चलाकर भूमि पूजन का श्रीगणेश किया। गौरतलब है कि छह अगस्त को सुल्लामल रामलीला मैदान पर सांसद अतुल गर्ग ने दो किलो के चांदी के फावड़े से भूमि पूजन का श्रीगणेश किया था। ऐसे में इस बात की अटकलें लगाई जा रही थी कि क्या कविनगर की रामलीला वाले भी कुछ नया करेंगे। लेकिन कविनगर रामलीला कमेटी ने परंपरा का पालन किया और लोहे के फावड़े से भूमि पूजन का श्रीगणेश किया और यहां सभी ने बारी-बारी से फावड़ा चलाया।

## शहर से लेकर देहात तक बड़ी संख्या में बिना फायर एनओसी और नियमों के विरुद्ध चल रहे हैं होटल, लॉज, ओयो और मैरिज होम

### - सिटी मजिस्ट्रेट बोले बिना रजिस्ट्रेशन वाले होटल-सराय-लॉज होंगे सील

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के सिटी मजिस्ट्रेट और नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय ने बताया है कि गाजियाबाद में लगभग 2500 होटल, सराय, लॉज, मैरिज होम और ओयो संचालित हैं।



जिसमें अभी तक कुल 350 पंजीकृत हैं, उन 350 में से 200 होटल ही फायर की एनओसी प्राप्त कर चुके हैं। जिनके लिए उन्हें नोटिस भेजे गए हैं। इसके साथ ही 441 होटल संचालकों द्वारा सराय अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण कराया गया है ,किंतु उनके द्वारा होटल संचालक संबंधित सभी विभागों की एनओसी प्राप्त नहीं की गई है। जिसकी वजह से उनको नियमानुसार नहीं माना जा सकता है। उधर दमकल विभाग के सूत्र बता रहे हैं कि गाजियाबाद में बड़ी संख्या में होटल ,सराय, लॉज, मैरिज होम, ओयो संचालित हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने जानकारी दी है कि जिन भी ऐसे स्थानों की ऊंचाई 15 मीटर से अधिक होती है ,वहां फायर विभाग कार्रवाई करता है और सिटी मजिस्ट्रेट को भी इसकी जानकारी दी जाती है। कुल मिलाकर गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी संख्या में अभी भी तमाम विभागों की एनओसी के बिना होटल, सराय, लॉज, मैरिज होम, ओयो संचालित हैं, जो कभी भी बड़ा खतरा बन सकते हैं।

### सराय अधिनियम के तहत रजिस्ट्रेशन आवश्यक : सिटी मजिस्ट्रेट



करंट क्राइम : सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया है की सराय अधिनियम के अंतर्गत सभी होटल, सराय, लॉज, ओयो आदि आते हैं, इन्हें सराय अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण करना होगा। जिसका निशुल्क पंजीकरण फार्म वीआईपी बाबू कलेक्ट्रेट परिसर से किसी भी कार्य दिवस में समय पर प्राप्त किया जा सकता है। उस पंजीकरण फार्म भी वहीं जमा करना होगा, जिसके लिए सिंगल विंडो सिस्टम होता है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि ऐसा करने से इन संस्थाओं के संचालकों को फायदा होगा और यह प्रमुखता से अपना व्यवसाय भी कर पाएंगे।

### पुलिस से लेकर नगर निकाय से लेनी होती है एनओसी




करंट क्राइम : गाजियाबाद सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय ने जानकारी दी है कि होटल, सराय व मैरिज हॉल संचालन के लिए 6 प्रकार की एनओसी प्राप्त करनी की आवश्यकता होती है। जिसमें इनके मालिक, मैनेजर और संचालित करने वाली फर्म को पुलिस, फायर, पर्यटन, विद्युत ,राजस्व एवं संबंधित नगर निकाय से एनओसी लेनी होती है। उन्होंने कहा है कि जो लोग भी बिना एनओसी के इन्हें संचालित कर रहे हैं, वह जल्द से जल्द एनओसी प्राप्त करें और सभी विभागों की अनुमति लें वरना उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस- प्रशासन जल्द इस ओर लेगा एक्शन

करंट क्राइम : सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष उपाध्याय का कहना है कि जो भी होटल, सराय, लॉज, मैरिज होम और ओयो संचालित करने वाले लोग जल्द से जल्द अपना पंजीकृत नहीं करेंगे और सभी विभागों के एनओसी नहीं ली जाएगी, ऐसे में उनके खिलाफ विधि कार्रवाई भी की जाएगी और उनको सील किया जाएगा। इसके लिए जल्द पुलिस और अन्य विभागों के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई भी करेगी।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## की खुशियों को पाठकों ने करंट क्राइम परिवार के साथ साझा किया

युग गोयल











अमन कुरेशी




दार्श शर्मा, यशी शर्मा, माधव शर्मा












सोनिया और इशिका









अधिक चौहान



अविश तौमर





अव्यान सिंह





रिवांश मित्तल






अदविक रांव चर्तुवेदी



आदविक



आनिया सक्सैना



अर्जुन मावी



अव्यान



## हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की!!





# श्री धार्मिक रामलीला कविनगर के भूमि पूजन में पहुंचे गाजियाबाद के गणमान्य



गाजियाबाद करंट क्राइम। रविवार को कवि नगर रामलीला समिति के भूमि पूजन कार्यक्रम में दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी, आध्यात्मिक गुरु पवन सिंहा, गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, शहर विधायक संजीव शर्मा, पश्चिम उत्तर प्रदेश भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, यशोदा अस्पताल के प्रबंधक निदेशक पीएन अरोड़ा, भाजपा के महा नगर अध्यक्ष मयंक गोयल, एमएलसी दिनेश गोयल, संपादक दैनिक करंट क्राइम मनोज गुप्ता, दीपक भाटी, पूर्व महापौर अशु वर्मा, आशा शर्मा, समाजसेवी एवं मिशन ग्रुप के प्रमुख सुनील मिगलानी, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री बलदेव राज शर्मा, पूर्व विधायक रूप चौधरी, पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी, भाजपा नेता अशोक मोगा, सरदार एसपी सिंह, बृजपाल तेवतिया, इंद्रजीत सिंह टीटू, राहुल चौधरी ,गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव बृजेश कुमार ,अपर जिलाधिकारी नगर विकास कश्यप, उप जिला अधिकारी अरुण कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त कवि नगर भास्कर वर्मा, घंटाघर कोतवाली एसीपी रितेश त्रिपाठी, बीके अग्रवाल, देवेंद्र हितकारी, नवेंदु सक्सेना, अजय जैन, दिवाकर सिंघल, दिव्यांशु सिंघल और विपुल शर्मा सहित बड़ी संख्या में राम भक्त उपस्थित हुए।

## संपादकीय

# उपलब्धियां और चुनौतियां

देश आज 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। इस अवसर पर खुशियां मनाने के लिए उपलब्धियों की कमी नहीं है। भारत ने जो मुकाम हासिल किया है वह कोई छोटी बात नहीं है क्योंकि मतभेदों और विविधताओं के बावजूद भारत दशकों से एकजुट रहा है और उत्तरोत्तर मजबूत हुआ है। उदाहरण के लिए इस साल मई में ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व के दौरान भारत में राष्ट्रीय एकता की भावना उफान पर थी। भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमलों के जवाब में ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व को अंजाम दिया।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरा राष्ट्र न केवल एक साथ शोक में डूब गया बल्कि जब जवाब देने की बारी आई तो सरकार और सशस्त्र सेना के साथ मजबूती से खड़ा रहा। ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व में पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे नष्ट कर दिए गए और फिर पाकिस्तानी सेना के उकसावे का मुंहतोड़ जवाब दिया गया। भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना के बुनियादी ढांचे को गंभीर नुकसान पहुंचाया। इसके साथ ही भारत ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद से निपटने के मामले में एक नई रेखा खींच दी।

आर्थिक लिहाज से भी भारत वर्तमान में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। पिछले कुछ दशकों के दौरान देश की अर्थव्यवस्था ने तेज गति से प्रगति की है जिससे देश में गरीबी काफी कम हुई है। एक राष्ट्र के रूप में भारत के पास जश्न मनाने के लिए कई उपलब्धियां मौजूद हैं मगर यह अपनी कमियों पर ध्यान देने एवं भविष्य की चुनौतियों से निपटने की रणनीति तैयार करने का भी अवसर है। सरकार ने भारत को स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह एक स्वागत योग्य लक्ष्य है मगर इस पर भी चर्चा आवश्यक है कि क्या भारत की राजनीति और अर्थव्यवस्था यह सपना साकार करने के लिए सही दिशा में बढ़ रही है। हम सभी इस बात से सहमत हैं कि भारत को त्वरित गति से आगे बढ़ने की जरूरत है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां पिछले कुछ दशकों की तुलना में कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण हो गई हैं।

अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी से अधिक शुल्क लगा दिए हैं जिनमें रूस से तेल खरीदने पर लगाया गया अतिरिक्त 25 फीसदी शुल्क भी शामिल है। यह स्थिति इसलिए गंभीर है क्योंकि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। हालांकि, यह उम्मीद जरूर की जा रही है कि आने वाले सप्ताहों में स्थिति सुधरेगी किंतु इतने ऊंचे शुल्क के कारण निर्यात, देश में विकास और रोजगार सृजन पर गंभीर असर होगा। अमेरिका के साथ भारत के संबंध लगातार प्रगाढ़ हो रहे थे किंतु अचानक हालात बदल गए।

इसे देखते हुए यह समझना होगा कि आखिर क्या दिक्कतें आईं और भारत अपना वजूद दोबारा कैसे हासिल कर सकता है। यह समय इस विषय पर भी चर्चा करने के लिए माकूल है कि भारत को कैसी अर्थव्यवस्था तैयार करनी चाहिए ताकि युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ विकास लक्ष्य भी सहजता से हासिल हो जाए।

आने वाले वर्षों और दशकों में भारत जो कुछ भी हासिल करेगा वह काफी हद भारत की राजनीति और शासन व्यवस्था की दिशा एवं दशा पर निर्भर करेगा। मजबूत संस्थानों पर आधारित एक मुक्त, नियम-आधारित व्यवस्था भारत के हित में बेहतर रहेगी। हालांकि, भारत की कार्य व्यवस्था में कुछ संस्थानों ने अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है। उदाहरण के लिए संसद या राज्य विधान सभाओं में महत्त्वपूर्ण विधेयक बिना अधिक चर्चा एवं बहस के पारित हो जाते हैं।

भारतीय निर्वाचन आयोग की कार्य प्रणाली पर विपक्ष प्रश्न खड़ा कर रहा है। इसके पहले ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं हुई थी। निर्वाचन आयोग का गैर-पक्षपातपूर्ण व्यवहार भारतीय राजनीतिक व्यवस्था की आधारशिला है जिस पर शेष सब कुछ निर्भर करता है। राजनीतिक कार्यकर्ताओं और मतदाताओं दोनों के मन-मस्तिष्क में संदेह और भ्रम की स्थिति नहीं रहनी चाहिए।

# कहां तक पहुंची भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की बात!

## अमेरिकी टीम की यात्रा टलने के क्या मायने?

**प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है और अमेरिकी टीम छठे दौर की बातचीत के लिए भारत आने वाली थी। यह वार्ता 25 से 29 अगस्त के बीच होनी थी। मगर अब यह यात्रा टल गई है।**

**नई दिल्ली।** ट्रंप के टैरिफ के बीच भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर चल रही वार्ता रुक गई है। बताया जा रहा है कि अगस्त के अंत में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का भारत का दौरा टलने की संभावना है। कहा जा रहा है कि दौरे को रीशेड्यूल किया जाएगा। ऐसे में व्यापार समझौते को लेकर तमाम तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। अमेरिकी टीम का दौरा ऐसे वक्त में टला है कि जब डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। इसमें 25 फीसदी टैरिफ 27 अगस्त से लागू होने वाला है।



**पांच दौर की वार्ता पूरी :** प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है और अमेरिकी टीम छठे दौर की बातचीत के लिए भारत आने वाली थी। यह वार्ता 25 से 29 अगस्त के बीच होनी थी। मगर अब यह यात्रा टल गई है।

**कृषि और डेयरी क्षेत्र को लेकर फंसा पेच :** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में कृषि और डेयरी क्षेत्र को लेकर पेच फसा है। अमेरिका भारत के कृषि और डेयरी जैसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहा है, जिसे भारत सरकार स्वीकार नहीं कर सकती, क्योंकि इससे छोटे किसानों की आजीविका प्रभावित हो सकती है। भारत ने स्पष्ट कहा है कि वह किसानों और पशुपालकों के हितों से समझौता नहीं करेगा।

**व्यापार बढ़ाने की योजना तैयार की थी :** अमेरिका और भारत ने बीटीए के पहले चरण को 2025 के सितंबर-अक्टूबर तक पूरा करने की योजना बनाई है। दोनों देशों ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान 191 अरब डॉलर से बढ़ाकर 500 अरब डॉलर से ज्यादा करने का लक्ष्य रखा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल से जुलाई तक भारत से अमेरिका के लिए निर्यात में 21.64 फीसदी की वृद्धि हुई और यह 33.53 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जबकि आयात में 12.33 फीसदी की वृद्धि हुई और यह 17.41 अरब डॉलर तक पहुंचा।

**पीएम मोदी का स्वदेशी पर जोर :** ट्रंप के टैरिफ के बीच पीएम मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर जनता से स्वदेशी को अपनाने का आह्वान किया। मोदी ने कहा, मैं हर व्यापारी और दुकानदार से अपील करना चाहता हूं कि यह आपकी भी जिम्मेदारी है... मैं चाहता हूं कि दुकानदार और व्यापारी आगे आएं और अपनी दुकानों के बाहर लिखें कि 'यहां स्वदेशी माल बिकता है'। उन्होंने कहा, हमें स्वदेशी पर गर्व होना चाहिए, हमें स्वदेशी को मजबूरी के कारण नहीं, बल्कि अपनी ताकत के रूप में अपनाना चाहिए।

# सेबी में इस वर्ष में 703 आवेदन दायर किए गए 284 का निपटारा हुआ



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी के सामने पेश निपटान याचिकाओं में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रतिभूति मानदंडों के उल्लंघन के निपटान के लिए सेबी को 703 आवेदन प्राप्त हुए। जिससे पता चलता है कि लंबी मुकदमेबाजी प्रक्रियाओं से गुजरे बिना विवादों को सुलझाने की प्रवृत्ति में तेजी देखी जा रही है।

**लंबी मुकदमेबाजी से बचने के लिए दायर होती हैं निपटान याचिकाएं :** वित्त वर्ष 2023-24 में, सेबी को 434 निपटान याचिकाएं प्राप्त हुई थीं। सेबी की 2024-25 वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में मिले 703 निपटान आवेदनों में से, नियामक ने उचित निपटान आदेश पारित करके 284 आवेदनों का निपटारा कर दिया, जबकि अन्य 272 आवेदन वापस कर दिए गए, या अस्वीकार कर दिए गए या वापस ले लिए गए। दरअसल सेबी की निपटान तंत्र संस्था, लंबी मुकदमेबाजी में उलझे बिना, निपटान शुल्क का भुगतान करके और कुछ शर्तों का पालन करके मामलों का समाधान करने की अनुमति देता है।

**सेबी को निपटान तंत्र से मिले 798 करोड़ रुपये :** गौरतलब है कि निपटाए गए 284 आवेदनों के लिए सेबी ने निपटान शुल्क के रूप में 798 करोड़ रुपये और करीब 65 करोड़ रुपये बतौर वसूली शुल्क वसूले। ये निपटान आदेश विभिन्न नियमों के कथित उल्लंघनों के लिए जारी किए गए थे, जिनमें भेदिया व्यापार, धोखाधड़ीपूर्ण व्यापार व्यवहार, वैकल्पिक निवेश कोष, म्यूचुअल फंड और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक आदि शामिल हैं।

निपटान मामलों के साथ-साथ, सेबी ने कई अपीलों का भी निपटारा किया। 2024-25 में प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) में नियामक से संबंधित कुल 533 नई अपीलें दायर की गईं, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह संख्या 821 थी।

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन अच्छे परिणाम देगा। कुछ मामूली झटकों के बावजूद आप अच्छी प्रगति करेंगे। आपको व्यवसाय में उत्कृष्ट परिणाम मिलेंगे।

**वृष :** आपके अच्छे व्यवहार से आसपास के लोग खुश रहेंगे। साथ ही आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। समाज में आपको उचित आदर-सम्मान मिलेगा।

**मिथुन :** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। परिवार में सुख-शांति रहेगी। आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी साबित होगा।

**कर्क :** विदेशी व्यापार संबंधित सौदों के अंतिम रूप देने के लिए यात्रा की योजना फिर से शुरू होगी। आपको अपने विदेशी संपर्कों से लाभ प्राप्त होने की प्रबल संभावना है।

**सिंह :** आज धार्मिक स्थल के दर्शन के लिए जायेंगे। आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। अचानक से कोई मददगार आपका अच्छा दोस्त बन सकता है।

**कन्या :** आज सूचनाओं का आदान प्रदान बढ़ेगा। धर्म संस्कार को बल मिलेगा। भाग्य की प्रबलता बनी रहेगी। प्रवास और स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होगा।

**तुला :** आज का दिन आपको चौतरफा खुशी दे सकता है। व्यावसायिक रूप से आप सक्रिय और सतर्क रहेंगे। ज्ञान-जानकारी इकट्ठा करने के सन्दर्भ में अच्छी प्रगति करेंगे।

**वृश्चिक :** आज नौकरीपेशा लोगों को नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। आगे चलकर ये प्रोजेक्ट आपको फायदा दिलायेगा। ऑफिस में एक साथ कई तरह के काम करने पड़ेंगे।

**धनु :** आज आपको किसी महत्वपूर्ण काम पर फोकस करने की जिम्मेदारी मिलेगी, इसे हाथ से जाने न दें। आज के दिन घटनाएँ अच्छी तो होंगी, लेकिन तनाव भी देंगी।

**मकर :** कार्य सुगमता से आगे बढ़ेंगे और स्थितियां आपके पक्ष में होंगी। लेखन, साहित्य, कला, संगीत, सिनेमा, टीवी आदि से जुड़े लोग अपनी प्रतिभा से पहचान बनाएंगे।

**कुंभ :** आज आपको तरक्की के कुछ नये साधन मिलेंगे। आपको बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आपका मूड काफी अच्छा रहेगा।

**मीन :** आज आपकी मुलाकात कुछ ऐसे लोगों से हो सकती है जो आपको अपनी सोच बदलने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। आपका तेज काम आपको प्रेरित करेगा।

## चुटकुले

संता अपनी बीमारी की वजह से डॉक्टर के पास गया,
डॉक्टर : आपकी बीमारी की सही वजह मेरी समझ में नहीं आ रही,
हो सकता है दारु पीने की वजह से ऐसा हो रहा हो,
संता : कोई बात नहीं डॉक्टर साहब,
जब आपकी उतर जाएगी तो मैं दोबारा आ जाऊंगा।

---

पापा और 15 साल का बेटा एक होटल में गए,
पापा-वेटर एक बियर और एक आईसक्रीम लाओ,
बेटा आईसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिये ना,
दे.. चप्पल.. पे.. चप्पल!

---

अगर आपका दोस्त
ऑनलाइन रहने के बाद भी
आपको रिप्लाई नहीं दे रहा,
तो समझ लीजिये की,
अब वो सिंगल नहीं रहा।

# 'ट्रंप भारत के लिए अविश्वसनीय व्यापार साझेदार' 50% टैरिफ पर अर्थशास्त्री की कड़ी प्रतिक्रिया



**नई दिल्ली।** अमेरिका के जाने माने अर्थशास्त्री और कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जेफरी डी सैक्स ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को संरक्षणवादी बताया है। अमेरिका की ओर से भारतीय वस्तुओं पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जेफरी ने कहा कि ट्रंप भारत के लिए एक अविश्वसनीय व्यापार साझेदार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप प्रशासन का रवैया उसकी विदेश नीति के हितों के लिए अनाड़ी और आत्म-विनाशकारी है।

जेफरी ने कहा, मैं बहुत समय से कह रहा था, अमेरिका पर भरोसा मत करो। यह मत मानो कि भारत वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में चीन की जगह ले लेगा। ट्रंप ऐसा हरगिज नहीं होने देंगे। ट्रंप एक संरक्षणवादी हैं। भारत को अमेरिका को भारतीय निर्यात में भारी वृद्धि देखने को नहीं मिलेगी, भले ही वह चीन की जगह ही क्यों न ले ले। ट्रंप एक अविश्वसनीय व्यापारिक प्रतिपक्ष हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप की नीतियों का विफल होना निश्चित है। वह अमेरिकी अर्थव्यवस्था में सुधार नहीं लाएंगी, बल्कि अमेरिका को भू-राजनीतिक रूप से अलग-थलग कर देंगी। वह ब्रिक्स और अन्य समूहों को मजबूत करेंगी।

**व्यापार वार्ता :** अमेरिकी दल का 25 अगस्त का भारत दौरा रद्द भारत-अमेरिका के बीच टैरिफ के मुद्दे पर तनाव बढ़ने के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर अगले दौर की बातचीत के लिए 25 अगस्त को होने वाला अमेरिकी दल का दौरा रद्द हो गया है।

एक अधिकारी ने हालांकि कहा कि यात्रा की तिथि पुनर्निर्धारित की जा सकती है। बीटीए के लिए पांच दौर की बातचीत हो चुकी है और छठे दौर की बातचीत के लिए अमेरिकी दल को भारत आना था। यह बातचीत 25-29 अगस्त के बीच प्रस्तावित थी। भारत के कृषि और डेयरी क्षेत्र को खोलने पर तैयार न होने के कारण वार्ता में गतिरोध आ गया है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- नासा में सटीक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी शब्दों की एक सूची है जो लेखक साइंस फिक्शन कहानियों में उपयोग कर सकते हैं।
- पृथ्वी पर, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन 925,000 पाउंड का वजन, 11 पूर्ण अर्ध ट्रकों से अधिक होता है, अंतरिक्ष में, यह लगभग कुछ भी नहीं होता है।
- 10 अगस्त 2015 को, नासा के अंतरिक्ष यात्री ने खाना खाया जो पहली बार अंतरिक्ष में उगाया गया था।
- बाहरी अंतरिक्ष समुद्र स्तर से ऊपर 100 किलोमीटर (62 मील) से शुरू होता है।
- वर्जीनिया में प्राथमिक विद्यालय के छात्रों ने एक उपग्रह बनाया जिसे बाद में 2016 में नासा द्वारा अंतरिक्ष में भेजा गया।
- साल 2003 कोलंबिया स्पेस शटल आपदा के केवल बचे हुए कुछ परजीवी कीड़े हैं, जिन्हें नेमेटोड कहा गया था।
- अगर आप हबल स्पेस टेलीस्कॉप पर कैमरे के साथ-साथ देख सकते हैं, तो आप एक मील दूर अखबार पर ठीक प्रिंट पढ़ सकेंगे।
- नासा ने 3,200 ग्रहों की खोज की है, सभी की 99% निश्चितता के साथ पुष्टि की है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# वायरल हुआ एसीपी का गाना
## जब उन्होंने गुनगुनाया आजादी का तराना
### स्वतंत्रता दिवस पर गाया देश भक्ति गीत तेजी से हो रहा है वायरल



**गुड वर्किंग ओर सॉलिड पर्सनैलिटी से भी रखते हैं एसीपी अपनी पहचान**

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एसीपी रितेश त्रिपाठी अपनी सॉलिड बॉडी और गुड लुकिंग पर्सनालिटी के लिए जाने जाते हैं। वह लगातार सिटी जोन में एनकाउंटर करने के मामले में टॉपर हैं। तो कई बड़ी घटनाओं के खुलासे में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वह सोशल मीडिया से लेकर दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पर आयोजित होने वाले सावन महोत्सव और स्वतंत्रता दिवस से लेकर प्रमुख आयोजनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसकी वजह से उनकी सोशल मीडिया पर भी टीआरपी टॉप पर बनी रहती है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एसीपी कोतवाली के तौर पर तैनात रितेश त्रिपाठी का 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ एक गीत इन दिनों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर उनके बोल कि लोग प्रशंसा कर रहे हैं। तो उनका भाव बता रहा है कि सांस जब तक है, जिऊंगा तेरे लिए वतन। वहीं एसीपी रितेश त्रिपाठी की सोशल मीडिया पर वायरल हो रही पोस्ट पर लोग जमकर सपोर्ट कर रहे हैं और उनके देशभक्ति के जज्बे को सलाम भी कर रहे हैं। बता दें कि 15 अगस्त के दिन उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वर्दी पहनकर एक देशभक्त गाना गया था, जो काफी तेजी से वायरल हो रहा है।

# विश्व कीर्तिमान उद्घोषिका अनिता सहगल हुईं 'लेडी आयरन' सम्मान से सम्मानित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर, जल, जंगल जमीन फाउंडेशन द्वारा आयोजित एवं बुद्धांजलि रिसर्च फाउंडेशन के सहयोग से कुशलता पूर्वक सम्पन्न हुए कार्यक्रम में जब अनिता सहगल 'वसुंधरा 'को लेडी आयरन के खिताब से नवाजा गया तो दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब का वह हॉल, वहां बैठे लोगों की तालियों से गूंज उठा।

लखनऊ से पधारी बहुमुखी प्रतिभा की धनी विश्व कीर्तिमान धारक बालीवुड अभिनेत्री एवं राष्ट्रीय उद्घोषिका डॉ0 अनीता सहगल वसुन्धरा को उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए अंगवस्त्रम के रूप में शाल उढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर आयरन लेडी सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश में फिल्मों की शूटिंग कराने हेतु फिल्म निर्माताओं /निर्देशकों को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से आकर्षित करने एवं उनको सब्सिडी उपलब्ध कराने हेतु महत्वपूर्ण योगदान हेतु लखनऊ से पधारे दिनेश कुमार सहगल को अंगवस्त्रम के रूप में शाल उढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर द रीय हीरोज ऑफ इन्डिया अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया।

संस्था के अध्यक्ष कैलाश मासूम एवं पल्लवी सिंह ने अनीता सहगल की भूरि-भूरि प्रसंशा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। देश भर के बड़े-बड़े मंचों पर संचालन की जिम्मेदारी निभाने वाली तथा अपनी लेखनी से सभी का दिल जीतने वाली अनीता सहगल को लगभग 2000 से अधिक अवार्ड मिल चुके हैं, जिसमें मिसाइल मैन पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम द्वारा बेस्ट एंकर का खिताब शामिल है। अनीता अपनी सफलता का मूलमंत्र टाइम मैनेजमेंट को बताती है। इनका सपना है कि पूरी दुनिया मे आवाज ही उनके नाम का पर्याय बने।

अनीता सहगल ने प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री, राज्यपाल के अनेक कार्यक्रमों का संचालन बखूबी किया है और आज भी अनवरत करती आ रही हैं। अनीता सहगल ने लगभग 100 फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। इस सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि फर्रुखाबाद लोक सभा सांसद मुकेश राजपूत उपस्थित रहे। दिल्ली के पुलिस महानिदेशक, रोबिन हीबू और पूर्व सांसद अंजू बाला को भी संस्था ने सम्मानित किया। मुम्बई से पधारी पूर्व सांसद, डॉ0 भारती लवेकर को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। दिनेश सहगल ने जल जंगल जमीन की अध्यक्ष पल्लवी सिंह एवं उनकी टीम को तथा कैलाश मासूम के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# प्रेस क्लब स्वर्णनगरी ग्रेटर नोएडा में भारतीय किसान यूनियन की प्रेस वार्ता आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 17 अगस्त प्रेस क्लब स्वर्णनगरी ग्रैटर नोएडा में प्रेस वार्ता हुई, जिसमें भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महामन्त्री अजय प्रमुख, और राष्ट्रीय प्रवक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता अयूब अली ने तीन बड़ी घोषणाएँ कीं पहली एडवोकेट भुपेन्द्र चौधरी को भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया, दूसरा गीता निगम को प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा मनोनीत किया, तीसरा ललित भाटी गिरधरपुर को अध्यक्ष पाश्चिम उत्तर प्रदेश मनोनीत किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी ने कहा कि आज पूरे देश में किसान दुखी हैं हमारा संगठन किसानों के लिए संघर्ष करेगा। राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख ने कहा कि सरकार किसानों को लूट रही है। राष्ट्रीय प्रवक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता अयूब अली ने कहा सरकार किसानों के साथ तानाशाही कर रही है । प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर किसानो को लूटने में लगे हैं । पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष ललित भाटी ने कहा कि गौतम बुद्ध नगर में ग्राम पंचायत समाप्त की जा रही है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति बदहाल है। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गीता निगम ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा और महिला पेंशन जो कि हर सरकार की प्राथमिकता होती है। इन मुद्दों पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है प्रदेश में महिलाओं की स्थिति बहुत खराब है।

इस मौके पर प्रीति, साधना, डॉ इरफान जयसवाल, अंकित प्रधान, कृष्णवीर, नितिन, मोनू, विकास, अनुज, अरविन्द, अभय, मोहन, आलम खान, वकील खान, पवन चौधरी, देवेन्द्र चौधरी, रविन्द्र चौधरी, सुधीर लोर, विनोद राठी, सतवीर, सौनवीर सिंह खुटैल, प्रवीण चौधरी, मोहित मलिक, जन हित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय त्यागी आदि सम्मानित साथी मौजूद रहे।

# ट्रांस हिंडन एरिया में जन्माष्टमी की धूम, कहीं निकली शोभा यात्रा तो कहीं लड्डू गोपाल की उतारी आरती





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ट्रांस हिंडन एरिया में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इंदिरापुरम के महागुण मेनशन-2, विंडसर पार्क तथा एक्सप्रेस गार्डन सोसाइटी में विशेष आयोजन हुए। तीनों सोसाइटीयों के मंदिर आकर्षक सजावट से सुसज्जित थे। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण एवं मीरा का रूप धरकर सुंदर नृत्य और भक्ति-भाव से सभी का मन मोह लिया। एक्सप्रेस गार्डन सोसाइटी में मथुरा से आई मंडली ने मनमोहक प्रस्तुति दी, वहीं विंडसर पार्क में आमंत्रित मंडली ने मधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महागुण मेनशन-2 में महिलाओं और बच्चों ने संगीत एवं नृत्य द्वारा श्रीकृष्ण भक्ति का सुंदर प्रदर्शन किया।

इन आयोजनों को सफल बनाने में सुरेंद्र खन्ना, परमवीर सिंह, बीके सचदेवा, एन. मेहरा, बी.एल. मुंशी, राहुल ठाकुर, प्रवेश अत्रे, डॉ. हिमांशु, सुधीर आर्य, वी.के. हांडा, नवीन गुप्ता, हरीश अरोड़ा, इंद्र अरोड़ा, अमित गेरा, सुभाष मल्होत्रा, नेहा खुराना, अलका मित्तल, मीना, शाची, मधुलिका एवं रुचिका आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद प्रीति जैन एवं पूर्व पार्षद अभिनव जैन ने उपस्थित रहकर निवासियों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों और महिलाओं की प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वही वसुंधरा सेक्टर 4 ए में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भाजपा कार्यकर्ता नितिन भारद्वाज द्वारा सेक्टर 4 ए वसुंधरा मनोकामना अपार्टमेंट से शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें रथ डीजे बैंड बाजे सहित अनेक झांकियां व 55 ई-रिक्शा में भगवान रूप में बच्चे रहे। राधा कृष्ण सुदामा की झांकियां ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया जो ट्राली में साथ-साथ नृत्य करते हुए चल रहे थे। हनुमान जी की झांकी मनमोहक रही शोभा यात्रा का प्रारंभ सेक्टर 4ए से हुआ जो आकाशगंगा, शिवगंगा से होते हुए मेवाड़ कॉलेज से आगे प्रज्ञा कुंज सोसाइटी से वापस होकर मनोकामना अपार्टमेंट के ओंकारेश्वर मंदिर में समापन हुआ।

# जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल, गाजियाबाद में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े घूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर निदेशक डा० करूण कुमार गौड़ ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर मार्त्यापण किया। इस सुअवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा देश-भक्ति से लबालब गीत, नृत्य, आदि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने डांस प्रस्तुत किया तो हर कोई देशभक्ति के रंग में रंग गया। निदेशक डा० करूण कुमार गौड़, प्रधानाचार्या अंजू गौड, समस्त शिक्षक-गण, विद्यार्थी-वर्ग सभी देश-भक्ति के रंग में सराबोर दिखे। प्रधानाचार्या अंजू गौड ने अपने भाषण में स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, शौर्य-गाथा के बारे में बताया और कहा कि हम सभी का पुनीत कर्तव्य है कि कंधे से कंधा मिलाकर तन-मन-धन से हम अपने देश की रक्षा करें। समाज में व्याप्त प्रदूषण नियंत्रण, स्वच्छता, वृक्षारोपण, सर्व शिक्षा अभियान के प्रति अपना कर्तव्य निभाएं ताकि देश प्रगति-पथ पर अग्रसर होता रहे। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी को मिष्ठान का वितरण किया गया।



# वीवीआईपी सोसाइटी में मनाया गया जन्माष्टमी का पावन पर्व



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जन्माष्टमी का पावन पर्व वीवी आईपी सोसाइटी में बड़ी धूमधाम और श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया । सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, कान्हा जी के भजनों की गूंज बज रही थी और भक्ति में वातावरण से मंदिर प्रांगण सरोवर हो उठा। मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर सुंदर झांकियां सजाई गई और रात्रि 12:00 बजे जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वहीं मंदिर में हजारों भक्तों ने पहुंच कर पूजा अर्चना कर मुरलीधर के जन्मोत्सव का उल्लास साझा किया। इस अवसर पर ए ओ ए सदस्य योगेश त्यागी, प्रांशु बालियान, संदीप कुमार, यगदत्त त्यागी, राजीव शर्मा, मीनू गुप्ता और मन्दिर समिति अध्यक्ष सतीश जैन, शशिकांत त्यागी, कमल गोयल, सौरभ शर्मा, विभोर निकल, मोहित जिंदल, सौरव अग्रवाल, पी.पी त्यागी, गौरव, सुमित, मलिक गर्ग आदि लोग मौजूद रहे।

# नेहरू प्लेस में फाइव स्टार होटल से 10,000 करोड़ कमाएगा डीडीए
## एलजी सक्सेना की देखरेख में नई योजना शुरू



**नई दिल्ली।** नेहरू प्लेस में डीडीए की 2 एकड़ जमीन फाइव स्टार होटल बनाने का ठेका फ्लूर होटल्स प्राइवेट लिमिटेड को मिला है। इस प्रोजेक्ट से 55 साल में डीडीए को करीब 10,000 करोड़ रुपये की कमाई होगी। ये दिल्ली का सबसे बड़ा 500 कमरों वाला होटल होगा।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना की देखरेख में डीडीए ने पुराने फ्रीहोल्ड और स्थायी लीज मॉडल की बजाय नई लाइसेंस संपत्ति योजना शुरू की है। इसका मकसद दिल्ली की कीमती जमीन को होटल, वेयरहाउस, स्वास्थ्य और बड़े रिटेल प्रोजेक्ट के लिए इस्तेमाल करना है। इससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और बुनियादी ढांचा मजबूत होगा।

इसमें पहला प्रोजेक्ट नेहरू प्लेस में 2 एकड़ जमीन पर फाइव स्टार होटल का है। इस साल 2 मई को इसके लिए निविदा जारी हुई थी। 13 अगस्त को नीलामी में फ्लूर होटल्स ने 27.19 करोड़ रुपये सालाना लाइसेंस फीस की बोली लगाकर ठेका जीता। ये राशि तय न्यूनतम फीस 18 करोड़ से 50 फीसदी ज्यादा है। इस फीस में हर साल बढ़ोतरी होगी जिससे 55 साल में डीडीए को करीब 10,000 करोड़ रुपये मिलेंगे।

### दिल्ली का सबसे बड़ा होटल बनेगा

फ्लूर होटल्स, लेमन ट्री होटल्स की सहायक कंपनी है। ये औरिका-नेहरू प्लेस नाम से 500 से ज्यादा कमरों वाला दिल्ली का सबसे बड़ा होटल बनाएगी। ये होटल शानदार कमरे, बेहतरीन डाइनिंग, बड़े बैंक्वेट हॉल और आधुनिक सुविधाओं के साथ बिजनेस व पर्यटन यात्रियों को आकर्षित करेगा।

लेमन ट्री होटल्स के चेयरमैन पतंजलि केसवानी ने कहा कि दिल्ली उनके लिए खास है। औरिका-नेहरू प्लेस स्टाइल, आराम और शानदार सेवा का प्रतीक होगा। इस योजना से डीडीए को भारी राजस्व मिलेगा। होटल प्रोजेक्ट से रोजगार के नए अवसर बनेंगे।

# बिहार में एक साथ पांच बच्चों की मौत
## स्नान करने के दौरान हुआ हादसा



**मुजफ्फरपुर।** बिहार में एक बड़ी घटना हुई है। स्नान करने के दौरान एक साथ पांच बच्चों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हाहाकार मच गया। अब स्थानीय गोताखोर शव को निकालने में जुटे हुए हैं। मुजफ्फरपुर जिले के कटरा प्रखंड से एक दर्दनाक खबर सामने आई है, जहां कटरा प्रखंड के खंगुराडीह एवं बंधपुरा पंचायत के सीमा पर चौर मे गोरधुवा पुल के नजदीक डूबने से खंगुराडीह गाँव के पांच बच्चो की मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे अंचल अधिकारी और कटरा थाना की पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि सभी बच्चे तालाब में नहाने के लिए गए थे। नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने के दौरान पांचो डूब गए, जिससे उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे खेलने के लिए गांव के पास बने तालाब की ओर गए थे। इसी दौरान वे लोग नहाने लगे और नहाने के दौरान गहरे पानी में चले गए। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजन और स्थानीय लोग बच्चों को बचाने के लिए दौड़े, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। सभी को आनन फानन में स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने पांचों को मृत घोषित कर दिया।

# कुछ अपराधों को अपराधमुक्त करेगी सरकार
## शुभांशु शुक्ला की भारत वापसी पर लोकसभा में होगी विशेष चर्चा



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सोमवार को लोकसभा में जन विश्वास (संशोधन) विधेयक 2025 पेश करेंगे। यह विधेयक जीवन और व्यापार को सुगम बनाने के लिए कुछ छोटे अपराधों को अपराधमुक्त करेगा। लोकसभा की वेबसाइट पर प्रकाशित लोकसभा की कार्यसूची के अनुसार, 'मंत्री जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करेंगे, जिसका उद्देश्य जीवन और व्यापार को सुगम बनाने के लिए, विश्वास-आधारित शासन को और बेहतर बनाने के लिए अपराधों को अपराधमुक्त बनाने के लिए कुछ अधिनियमों में संशोधन करना है'।

व्यवसाय और जीवन सुगम बनाने का उद्देश्य इस विधेयक के माध्यम से 350 से अधिक प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव है। एक अधिकारी के अनुसार, इस कदम से देश में अधिक व्यवसाय और नागरिक-केंद्रित वातावरण बनाने में मदद मिलेगी। यह विधेयक देश के व्यावसायिक माहौल को बेहतर बनाने के सरकार के प्रयास का हिस्सा है। इससे पहले 2023 में, जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम पारित किया गया था, जिसके तहत 19 मंत्रालयों और विभागों द्वारा प्रशासित 42 केंद्रीय अधिनियमों के 183 प्रावधानों को अपराधमुक्त कर दिया गया था।

### 1500 से ज्यादा अप्रचलित कानूनों को रद्द किया गया

इस अधिनियम के तहत सरकार ने कुछ प्रावधानों में कारावास और जुमार्ने को हटा दिया है। कुछ नियमों में कारावास को हटा दिया गया और जुमार्ने को बरकरार रखा गया, जबकि कुछ मामलों में कारावास और जुमार्ने को दंड में बदल दिया गया। 15 अगस्त को अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा 'हमारे देश में ऐसे कानून हैं, जो सुनने में भले ही आश्चर्यजनक लगें, लेकिन इनमें मामूली बातों पर कारावास का प्रावधान हैं, और किसी ने कभी उन पर ध्यान नहीं दिया।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैंने यह सुनिश्चित करने का बीड़ा उठाया है कि ऐसे अनावश्यक कानून, जो भारतीय नागरिकों को सलाखों के पीछे डालते हैं, समाप्त किए जाएं। हमने पहले संसद में एक विधेयक पेश किया था, हम इसे इस बार फिर से लाए हैं।' सरकार ने पहले 40,000 से ज्यादा गैरजरूरी अनुपालनों को समाप्त किया। साथ ही 1,500 से ज्यादा अप्रचलित कानूनों को भी रद्द किया गया।

### शुभांशु शुक्ला की भारत वापसी के उपलक्ष्य में भी होगी विशेष चर्चा

सरकार ने भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला की भारत वापसी के उपलक्ष्य में सोमवार को लोकसभा में 'अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री – 2047 तक विकसित भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका' विषय पर विशेष चर्चा का प्रस्ताव भी रखा है।

# शहर की व्यवस्थाओं को बनाए रखने में सैनिकों की भांति कार्य कर रहा है निगम

## बरसात के दौरान जल निकासी के लिए की जा रही है त्वरित कार्रवाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर हित में सैनिकों की भांति कार्य किया जा रहा है जहां देश की रक्षा के लिए जवान सरहद पर लगे हुए हैं। उसी क्रम में शहर वासियों को सुरक्षित स्वस्थ रखने के लिए नगर निगम के सभी विभागों की टीम लगी हुई है। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में जलकल विभाग स्वास्थ्य विभाग तथा उद्यान विभाग अहम भूमिका में कार्य कर रहा है। लगातार मानसून के चलते भारी बरसात हो रही है जिसमें अलर्ट मोड पर स्वास्थ्य तथा जल कल की टीम बनी रहती है। बरसात के दौरान ही सड़कों पर पहुंचकर जल निकासी का कार्य उपकरणों के माध्यम से कराया जा रहा है, तथा नालों में जल प्रवाहित रहे टीम को लगाकर लगातार कार्यवाही कराई जा रही है, उद्यान विभाग टीम द्वारा भी बरसात में गिरे हुए पेड़ों को सड़कों से हटकर आवागमन को सरल करते हुए शहर हित में बेहतर कार्य किया जा रहा है जिसकी प्रशंसा यात्रियों द्वारा भी की गई।

### बरसात के दौरान गिरे हुए पेड़ों को उठाकर आवागमन को सरल बना रही है उद्यान की टीम



करंट क्राइम। उद्यान विभाग की टीम के द्वारा चिरंजीव विहार में बरसात के दौरान गिरे हुए पेड़ को तत्काल हटाए जिससे रुके हुए ट्रैफिक को रास्ता मिला यात्रियों द्वारा भी गाजियाबाद नगर निगम उद्यान विभाग टीम की प्रशंसा की, सफाई मित्रों के द्वारा भी स्वास्थ्य प्रहरियों के रूप में लगातार कार्य किया जा रहा है मुख्य मार्गो की सफाई के साथ-साथ आंतरिक वार्डों में भी सफाई का कार्य घंटा से किया जा रहा है महामारी से बचने के लिए निरंतर वार्डों की गलियों में सफाई का कार्य चल रहा है जो की सराहनीय है शहर के निवासी भी गाजियाबाद नगर निगम का लगातार सहयोग कर रहे हैं।

### शहर की स्वच्छता और स्वस्थ जीवन हेतु प्रतिदिन अहम भूमिका निभा रहे हैं स्वास्थ्य प्रहरी





करंट क्राइम। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि शहर हित में लगातार गाजियाबाद नगर निगम के सभी विभाग सैनिकों के रूप में डटे हुए हैं। भारी बरसात हो तो जलकल विभाग व स्वास्थ्य विभाग अभियान के रूप में कार्यकर्ता है। इसी के साथ पेड़ों की गिरने पर भी सड़कों से आवागमन व्यवस्थित करने में उद्यान विभाग की भी अहम भूमिका दिखाई देती है। प्रतिदिन वार्डों में सफाई व्यवस्था तथा फागिंग के कार्य से महामारी से बचाने के लिए निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम कार्य कर रही है। आवश्यकता को देखते हुए एंटी लारवा का छिड़काव भी समय-समय पर कराया जा रहा है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों में सहयोग करने के लिए शहर वासियों से भी अपील की जा रही है कि सूखा तथा गीला कचरा पृथक्करण के लिए जन-जन को जागरूक करने में सहयोग किया जाए। कचरा पृथक्करण शहर की आने को समस्याओं का समाधान है जिसमें नगर आयुक्त द्वारा शहर वासियों से अपील की जा रही है।

# राज नगर एक्सटेंशन स्थित एसजी ग्रैंड सोसाइटी में स्वतंत्रता दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजनगर एक्सटेंशन स्थित एस जी ग्रैंड सोसायटी में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। लगातार तीसरे वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समाज सेवी भूपेंद्र नाथ के नेतृत्व में आयोजित रक्तदान शिविर में 47 लोगों ने रक्तदान किया। भगवान बुद्ध चैरिटेबल ब्लड सेंटर के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करने से पूर्व रक्तदाताओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस मौके पर समाजसेवी भूपेंद्र नाथ ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा कर्तव्य है जिसके द्वारा किसी अन्य की जान बचाई जा सकती है। रक्त की कमी के कारण सड़क दुर्घटनाओं में मौतों की संख्या ज्यादा हो जाती है। अगर समय पर रक्त उपलब्ध हो जाए तो किसी की जान बचाई जा सकती है। इसी वजह से रक्तदान को महादान कहा गया है। शिविर में नियमित रक्तदान करने वाले, पूरे परिवार के साथ रक्तदान करने वाले लोगों ने भाग लिया। सभी रक्तदाताओं को डोनर कार्ड प्रोत्साहन गिफ्ट और निशुल्क ब्लड रिपोर्ट दी गई। उपस्थित लोगों को निशुल्क चिकित्सा परामर्श और डाइट प्लान दिया गया। इस मौके पर भूपेंद्र नाथ, भीम सिंह, कोमल गाबा, माधुरी वर्मा, राम दयाल वर्मा आदि ने सहयोग किया।

# वेव सिटी वेरिडिया में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वेव सिटी वेरिडिया में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। मुख्य यजमान मुरादनगर के यशस्वी विधायक अजितपाल त्यागी रहे। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने नानकी, प्रशस्ति, वंशिका, यशिका, नव्या, तनिष्का, आद्या, अंशी ने कृष्ण एवं राधा रूप में अपनी प्रस्तुति से उपस्थित सभी का मन मोह लिया। मुख्य सहयोगी अरुण अग्रवाल, नवीन सिंघल, संदीप मित्तल, राजीव मित्तल, राजेश गर्ग, अम्बा प्रसाद वशिष्ठ, राकेश अग्रवाल, मुकेश केडिया, संजीव श्रीवास्तव, विजय मित्तल, सुनील गोयल, के पी त्यागी, सत्यवीर सिंह, राकेश शर्मा तथा सोसाइटी की सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। श्री शिव मोहन शर्मा एंड पार्टी द्वारा राधा कृष्ण के भजनों का मधुर गायन किया गया।

# उत्थान समिति ने धूमधाम से मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर उत्थान समिति ने महाराणा प्रताप चौक स्थित उत्थान वाटिका में भव्य ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगीत और भारत माता की जयकारों के साथ हुई। समिति के संरक्षक राजकुमार शिशोदिया ने तिरंगा फहराया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत की संस्कृति हमें परिवार और समाज को जोड़ने की प्रेरणा देती है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने परिवार के साथ-साथ समाज और राष्ट्र की उन्नति में योगदान दे। उन्होंने युवाओं से आान किया कि वे अपने जीवन में भारतीय संस्कृति और परंपराओं को आत्मसात कर राष्ट्र की प्रगति में भागीदार बनें। सत्येन्द्र सिंह, चेयरमैन, उत्थान समिति ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह दिन केवल उत्सव नहीं बल्कि हमारे लिए आत्ममंथन का अवसर है। आजादी हमें कितने बलिदानों के बाद मिली है, इसे हमें कभी नहीं भूलना चाहिए। हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए।

समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। जिनमें प्रमुख रूप से अवधेश कटियार, मनोज मिश्रा, विनीत गोयल, अभिषेक सिंघल, वाई.पी. सिंह, गौरव राणा, अरविंद चौहान, वाई. एस. कंसल, मनोज अग्रवाल, बबीता सिंह, उमा मिश्रा, प्रतिमा कटियार, प्रीति, निर्मला, प्रमोद देवी, जतिन चौधरी सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक शामिल हुए।

# सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी ने 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) ने 79वां स्वतंत्रता दिवस पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय जगदीश नगर में मनाया। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय अशोक श्रीवास्तव की धर्मपत्नी सुषमा श्रीवास्तव और बेटे कुमार अभिनव ने तिरंगा झंडा फहराया। इस मौके पर अशोक श्रीवास्तव की बेटी प्रियंका श्रीवास्तव ने कहा कि भारत को अंग्रेजी हकूमत से लम्बे संघर्ष के बाद आज के दिन 15 अगस्त 1947 को आजादी मिली। आजादी के समय से आज तक भारत में लगभग सभी वस्तुओं का उत्पादन हो रहा है।

सुभास पार्टी के संस्थापक सतेन्द्र यादव ने कहा कि अनेक कठिन परिस्थितियों का सामने करने के बाद हमारे क्रान्तिकारियों और महान विभूतियों के संघर्ष और बलिदान के बाद हमें आजादी प्राप्त हुई। इसके साथ-साथ ही एक दुख भी प्राप्त हुआ कि हमारा देश दो हिस्सों में विभाजित हो गया। सुभाष पार्टी के वरिष्ठ सदस्य और पार्टी के मुराद नगर से पूर्व विधायक प्रत्याशी मनोज शर्मा होदिया ने क्रांतिकारियों के विषय में जानकारी देते हुए 79 वे स्वतंत्रता दिवस की सभी को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मनोज कुमार शर्मा होदिया, हरवीर सिंह, अनिल सिन्हा, नसरुद्दीन मलिक, दीपक वर्मा, राजीव कुमार, मीना कुमारी, विक्रांत सिंह, फरमान, कुमार अभिनव, शैलेंद्र श्रीवास्तव, सुनील सिंह, रामायण पांडे, राजीव राणा, विनोद गुप्ता, सुरेश कुमार, अमरनाथ शर्मा, राजेंद्र यादव, मुनेश कुमार, कमल यादव, जसविंदर सिंह सन्नी, सुजीत तिवारी, विनोद अकेला, अवधेश कुमार, दिग्विजय कुमार, विजय सिंह, ए एन रवि, केशव वालिया, हरीश कुमार शमी, प्रभा शंकर, मुनिराज चौहान, पन्नालाल प्रसाद, अशोक शर्मा, गौरव सूर्यवंशी, राजीव रैना, आदित्य गौतम, सुरेश राणा, विवेक त्यागी, दिनेश चंद माथुर, अनिल श्रीवास्तव, कौशल कुमार, संजय कुमार, प्रियंका श्रीवास्तव, गोपाल सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, व्यास पांडे, संजय श्रीवास्तव, राम नरेश ठाकुर, मनोज कुमार शर्मा, शिवकुमार सिंह, हरवीर सिंह, सुबोध कुमार शर्मा, इरशाद बेग, नीतू शर्मा, तरुण शर्मा, पुनीत कुमार समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# चोरी की बढ़ती घटनाओं से रेजिडेंट्स में है भय व्याप्त, लोगों ने रात को खुद दिया पहरा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। वसुंधरा सेक्टर 4 स्थित मनोकामना अपार्टमेंट में एक सप्ताह के अंदर चोरी की कई घटनाएं हुई हैं। रात में चोरों ने बंद घरों के ताला तोड़कर घर के समान पर हाथ साफ कर कर दिए। चोरी की बढ़ती घटनाओं से निवासियों में भय व्याप्त है। उन्होंने सोसाइटी की सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंध करने की मांग की है। आलम यह है कि लोगों ने रात 2 :00 बजे से 4 :00 बजे तक कॉलोनी के बाहर और अंदर पहरा दिया। लोगों ने हाथों में लाठी और टॉर्च लेकर जगह-जगह छानबीन भी की। स्थानीय निवासी नितिन भारद्वाज ने बताया कि भविष्य में ऐसी चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए रात्रि 2 :00 से 4 :00 तक कॉलोनी के बाहर एवं अंदर चारों तरफ हाथों में डंडे और टॉर्च लेकर पहरा दिया। प्रशासन से भी उम्मीद की जाती है कि रात्रि में पुलिस गस्त बढ़ाई जाए। पहरा देने वालों में जगदीश, अमित पाठक, वीरेंद्र बिष्ट, बाला दत्त, जी एन अंसारी, सजवान. गोसाई अखिलेश, विनीत, शोभित, विनोद, राकेश राय, नीरज, बॉबी, मनोज सहित कॉलोनी अनेक लोग शामिल थे।

# गाजियाबाद में गौकश से मुठभेड़, फायरिंग में घायल होकर गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में शनिवार की देर रात पुलिस और गौकश के बीच मुठभेड़ में गोलियां चली, जिसमें गौकश घायल हो गया उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके कब्जे से एक तमंचा वह एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

एसीपी लिपि नगाइच ने रविवार को बताया कि थाना मसूरी पुलिस पाइप लाइन बंबे फ्लैटों के पास पुलिया पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल पर एक युवक संदिग्ध अवस्था मे कल्लूगढ़ी की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह रुका नहीं, बल्कि पुलिस पार्टी पर फायर करते हुए बाइक मोड कर भागने लगा। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें क उसके दाहिने पैर में गोली लगी वह नीचे गिर गया जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अयान निवासी ग्राम उझारी थाना हसनपुर जनपद अमरोहा बताया।



साहिबाबाद, करंट क्राइम। वसुंधरा वार्ड 61 सेक्टर 4 में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आशीष चौधरी पार्षद प्रतिनिधि को सम्मानित किया गया।




## लाइन में सालों बाद बही भक्ति रस की ऐसी धारा

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बहुत सालों बाद जन्माष्टमी के कार्यक्रम में भक्ति रस की धारा बहती हुई नजर आई है। इस बार पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम की लाइन में हुए जन्माष्टमी के कार्यक्रम में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर उन खाकी वालों ने भी आनंद लिया जो अभी विभाग में कुछ दिन पहले ही आए हैं। इस कार्यक्रम में कमिश्नरेट के प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ लाइन के अधिकारी भी नजर आए हैं। तो कार्यक्रम में कुछ लोग परिवार के साथ मौजूद थे, जो पुलिस कमिश्नरेट के मौजूदा बेहतर परिवेश की गवाही दे रहा था। इस पूरे कार्यक्रम के लिए जहां कई थ्री-स्टार और आईपीएस स्तर के अधिकारियों ने मेहनत की थी, तो कार्यक्रम में मंच संचालन से लेकर स्टेज की जिम्मेदारी संभालने के लिए एक टू-स्टार भी भक्ति भाव के पूरे रस में नजर आए। उनके मंच संचालन, संबोधन और भगवान कृष्ण को लेकर सुनाए गए भजन, संवाद और भाव भी खूब चर्चा लाइन वाले कार्यक्रम में रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि रात को जिस तरीके से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में




अधिकारी उपस्थित हुए और कार्यक्रम का आनंद लिया गया। माहौल एकदम कूल और भक्ति वाला नजर आया है। तो वहीं कहने वाले यह भी कह रहे हैं कि सालों बाद पुलिस लाइन कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में भक्ति रस की ऐसी धारा बहती हुई देखने को मिली है। जिसमें पुलिस के वरिष्ठ से लेकर कनिष्ठ अधिकारी एक साथ नजर आए हैं। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि कार्यक्रम बेहद आनंद दायक रहा। तो माहौल भी आरामदायक रहा, हालांकि गर्मी ने थोड़ा सा मौसम हॉट किया था, पर जिस तरीके से पहले वाली लाइन में सभी आईपीएस अधिकारी बैठे हुए थे। उनके पीछे एडीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारी थे। तो थ्री-स्टार और प्रमुख सेल के फेस भी जमकर नजर आ रहे थे। जो पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते दिनों बदले माहौल और व्यवहार की सुंदर तस्वीर प्रदर्शित कर रहा था। इसी के साथ लाइन वाले कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों के परिवारों ने जमकर समय दिया तो खुद कमिश्नरेट वाले साहब भी मौजूद रहे। कुल मिलाकर कमिश्नरेट वाले सिस्टम में पुलिसिंग व व्यवस्थाएं बेहतर हों रहीं है, पर कुछ एसीपी स्तर के फेस के वर्किंग व व्यवहार में बदलाव लाने की जरूरत है।

# जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर रिवर हाइट्स सोसाइटी में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर रिवर हाइट्स सोसाइटी राज नगर एक्सटेंशन में रंगारंग कार्यक्रम कराया गया जिसमें सोसाइटी के बच्चों ने भक्ति भजन एवं नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए, लोगों ने काफी बढ़ चढ़ कर समारोह मे हिस्सा लिया।

इस अवसर पर चीफ गेस्ट बालकिशन गुप्ता( बालू भाई ) का भी आगमन हुआ, बालकिशन गुप्ता जो कि राष्ट्रीय व्यापार मंडल के गाजियाबाद से जिलाध्यक्ष भी हैं एवं पूर्वोत्तर रेलवे बोर्ड के मेंबर भी हैं उन्होंने कार्यक्रम का दीप प्रज्जलवित करते हुए कहा कि अपनी संस्कृति को बनाए रखने के लिए ऐसी प्रोग्राम हमारी भावी पीढ़ी को जोड़ कर रखते हैं। हिंदू धर्म काफी विस्तृत है और कई ऐसी बाते हैं जो समाज की संरचना में महत्वपूर्ण है और वो हिंदू धर्म से सीखी जा सकती हैं।

इस अवसर पर रिवर हाइट्स टीम से गौरव वमार्णी, ओपी निर्माण, अनुकेश शर्मा, विंकित रावल, राजीव गर्ग, आलोक शर्मा, शेखर आनंद उपस्थित थे। पंडित अशोक भारतीय, आंसू पाठक, समीर शर्मा, राष्ट्रीय व्यापार मंडल के लोग मौजूद थे इनके साथ स्तुति भूषण ने भी मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

# राणा प्रताप हायर सैकन्ड्री स्कूल ने मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्वतंत्रता दिवस की स्वर्णिम बेला में राणा प्रताप हायर सैकन्ड्री स्कूल के छात्र-छात्राओं तथा समस्त अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव बहुत ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। साथ ही विद्यालय की प्रधानाचार्या डा० पूनम शिशौदिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात रैली का आयोजन किया गया। रैली अपने स्कूल प्रागण से लाल क्वॉटर, पीले क्वार्टर एवं लोहिया नगर के रास्ते स्कूल प्रागण में समाप्त हुई। इसके बाद कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वन्दना से किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने स्वतंत्रता दिवस पर भाषण प्रस्तुत किये और अदिति, आस्था, श्रद्धा, सत्यम, अक्ष, नवीन, गोपाल, वंश, युग व देव ने आपरेशन सिंदूर नाटक में प्रतिभाग किया। कक्षा 6 की छात्र गगन ने 'आयो रे शुभ दिन आयों रे' नृत्य प्रस्तुति की और सभी को भाव-विभोर कर दिया। सभी अभिभावको ने बच्चों को प्रोत्साहित कर उनका आत्मविश्वास बढ़ाया। कार्यक्रम के बाद विद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह विद्यालय का एक यादगार पल होता है।

यह वह समय होता है जब विद्यार्थियों को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिये पुरस्कृत किया जाता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ० पूनम शिशौदिया द्वारा विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया।

# सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल में भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ, जिसके बाद पूरे जोश और एकता के साथ राष्ट्रगान गाया गया। चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन, बबीता जैन, विद्यालय प्रबंधन समिति, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी की अध्यक्षा रो.भारती गर्ग एवं क्लब के गणमान्य सदस्यों, शिक्षकगण और विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंतर्गत सत्र 2024-25 के कक्षा 10 और 12 के विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित इंद्रशील पुरस्कार एवं एस.ओ.एफ. अचीवर प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन ने अपने प्रेरणादायी आशीर्वचन प्रदान किए। वाइस चेयरमैन नमन जैन ने विद्यालय की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. गीता जोशी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये केवल नारी संसार नहीं है अपितु यह संस्कारों को खुद में समेटे एक परिवार है। इस फ्रेम में एक मां है पांच बहने हैं। सविता तिवारी ने अपनी इस पोस्ट के जरिए परिवार संस्था के महत्व को साझा किया। परिवार, नारी शक्ति और सनातन के संस्कारों को समाहित किए यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## की खुशियों को पाठकों ने करंट क्राइम परिवार के साथ साझा किया




## हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की!!

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## की खुशियों को पाठकों ने करंट क्राइम परिवार के साथ साझा किया


मयंक भारद्वाज




मेदांत शर्मा




शिवा


इनाया


राघव बैसला


श्री ओम




केदार मुदगल


शानवी शर्मा











रितिशा बिष्ट







राजा वेदांत शर्मा


ऋषभ सक्सैना




श्रेयांश तिवारी


सुमित


वेदेही और यथार्थ






सुमित

## हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की!!

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## की खुशियों को पाठकों ने करंट क्राइम परिवार के साथ साझा किया


आरवी सिंह




नवदीप




आदविक मलिक


आश्वी भटनागर


अन्विक


ध्रुव, ध्रुविका, ओमैमा




अर्चिता सिंह


दक्ष शर्मा





आरवी और अनिका


दिविज अग्रवाल


मिशिता कुमारी


ज्योति शर्मा


हर्ष ठाकुर


हर्ष


इशिका राणा


ममता कपूर


दर्पित


ध्रुवंश चौहान


अविका, जीविका, शिवन्या




ध्रुवि और आनन्द


ध्रुव, तनिष्क, इशिका

## हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की!!

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## की खुशियों को पाठकों ने करंट क्राइम परिवार के साथ साझा किया




## हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की!!

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## की खुशियों को पाठकों ने करंट क्राइम परिवार के साथ साझा किया


रिशु रोधराकशी


रोधरा गोल्डी






मिश्टी रितिक शिवानी


हिमान्श हिमान्शी








करयान्श मेहता


अनिका लक्ष्य


अविश





आरयन

























## हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की!!

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## की खुशियों को पाठकों ने करंट क्राइम परिवार के साथ साझा किया


शिवाय शर्मा


विशिका पनवार




शौर्या राघव


मिशिका चौहान


नित्या शर्मा और भव्या गोयल


युग शर्मा







शिवांक गर्ग


वियोम


युवांश


युवान शर्मा


यशवी






शिवन्या


विवान राठी


सक्षम


नकुल राघव


पार्थ सक्सेना




पूजा नेगी


प्रभात और दिशाव


सारिका तिवारी

## हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की!!

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## की खुशियों को पाठकों ने करंट क्राइम परिवार के साथ साझा किया





















## हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की!!

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

# की खुशियों को पाठकों ने करंट क्राइम परिवार के साथ साझा किया




शिवांक गर्ग, रजनी जोशी, पार्थ शर्मा, मुकेश शर्मा, तनवी और गुंजन, मानविक, देवांशी, अदविका सिंह, वंशजीत सिंह, काव्या बैंसला, छवि शर्मा, अनामया सिंह, व्योम, मिशिका, अयांश, रूद्र और गोल्डी, दिव्यांशी सिंह

## हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की!!